प्रादेशिक समाचार
17.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के 10 अंचलाधिकारियों और कई रजिस्ट्रार के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। दरअसल प्रार्थी शिवशंकर शर्मा की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी जिसमें कहा गया था कि अंचलाधिकारियों और रजिस्ट्रार ने साजिश के तहत गैर मजरुआ खास, गैर मजरुआ मालिक, प्रतिबंधित जमीन व छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत आने वाली जमीनों को गलत तरीके से बंदोबस्त और रजिस्ट्री कर सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज की कि प्रार्थी ने जो आरोप लगाये हैं, उससे जुड़े कोई तथ्य या दस्तावेज पेश नहीं किये गये।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में आज अगलगी की एक घटना में चार बच्चों की मृत्यु हो गई। गितिलपी गांव के रामोसाई टोला में यह घटना दिन के 11 बजे के आसपास घटी। बताया जाता है कि पुआल के ढेर में ये बच्चे खेल रहे थे उसी दौरान पुआल में आग लग गई और बच्चे उसी में फंसकर झुलस गए।

******************

उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित सरस मेला में झारखंड के सखी मंडल की दीदियों के उत्पादों को काफी सराहा गया।

******************

नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज गिरिडीह के हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने घोड़थाम्बा में हुई पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की और इसे बर्बरता की पराकाष्ठा बताया। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र में लाठीतंत्र की कोई जगह नहीं है। पुलिस की दमनात्मक कारवाई को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले की जांच कर अमानवीय व्यवहार करने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

******************

झारखंड हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य में हिस्सा लेंगे। यह प्रस्ताव आज हुई एडवोकेट एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। लेकिन हाईकोर्ट की कोलेजियम से झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों के नाम जजों के लिए नहीं भेजने के निर्णय का विरोध जारी रहेगा। इन मामलों पर चर्चा के लिए एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जायेगा और वहां राष्ट्रपति, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, केंद्रीय कानून मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और कोलेजियम के सदस्यों से मुलाकात करेगा।

******************

हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में 18 और 19 मार्च को प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव का आयोजन होगा। उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव उद्घाटन करेंगे। इस महोत्सव में हजारीबाग के अलावा झारखंड के 14 जिलों की भागीदारी होगी। इन जिलों से पीएमएफएमई के अंतर्गत वित्त पोषित इकाइयों के उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

******************

राज्य में एक बार फिर मौसम में परिवर्तन आया है। राजधानी रांची समेत राज्य के अलग–अलग हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक अगले 3 दिनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश होगी। बात करें बीते 24 घंटे की तो राज्य में कई जगहों पर हीट वेव की स्थिति तो कही सीवियर हीट वेव की स्थिति देखी गई।

******************

अंतर जिला महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से चाईबासा में शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में झारखंड के 13 जिले भाग ले रहे हैं। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले दिन धनबाद का मुकाबला खूँटी से हो रहा है। कल धनबाद और सिमडेगा के बीच मुकाबला होगा।

*****समाप्त*****